# हाथ में दवाई का पत्ता आ जाते ही पैसा देने की चिंता बढ़ जाती थी, परंतु धन्वंतरी मेडिकल के खुलने से मिली राहत

भिलाई/ श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स योजना भिलाई नगर निगम क्षेत्र में अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। अब लोगों को महंगी दवाईयों के बजाय जेनेरिक दवाईयों की ओर विश्वास बढ़ा है। महंगे दवाईयां लेना छोड़कर इन मेडिकल स्टोर्स में जेनेरिक दवाईयां लेने पहुंच रहे हैं। दिन-प्रतिदिन अब धन्वंतरी मेडिकल दुकानों में ग्राहकों की भीड़ देखी जा रही है। भिलाई निगम क्षेत्र में मदर्स मार्केट पावर हाउस , शास्त्री मार्केट नंदिनी रोड , भगवा चौक कैलाश नगर कुरूद , नेहरू चौक 18 नंबर रोड केम्प एक व सुपेला के शासकीय शास्त्री हॉस्पीटल में श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स संचालित हो रही हैं। स्टोर्स के संचालक ने बताया कि मरीजों को शहर की सभी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स पर कंपनियों की दवाईयों को 55 प्रतिशत रियायत पर सस्ते दरों में दी जा रही हैं। इन सभी स्टोर्स में सिपला, एलेम्बिक, रैनबैक्सी, केडिला, फाईजर जैसी कई ब्रांडेड प्रतिष्ठित कंपनियों की दवाई सस्ती दर पर लेने पहुंच रहे हैं। आम जनता इस योजना को अच्छा रिस्पांस दे रहे हैं। संचालक ने बताया कि सुपेला शास्त्री हॉस्पीटल स्थित मेडिकल स्टोर्स खुलने के दो महीने में 10 लाख, शास्त्री मार्केट स्टोर्स 6 महीने में 20 लाख, कैलाश नगर में 10 लाख, मदर्स मार्केट व कैलाश नगर में 5-5 लाख से अधिक विक्रय टर्न ओव्हर हो गया है। इस प्रकार इन स्टोर्स में प्रतिदिन सैकड़ो लोग खरीदारी करने पहुंच रहे हैं। यहां 171 प्रकार की जेनेरिक व 27 सर्जिकल उत्पाद के साथ ही संजीवनी के हर्बल, ऑयल, हनी, फेशवॉश क्रीम आदि उत्पाद, सौंदर्य प्रसाधन, शिशु आहार व सैनेटरी पेड खरीदने पहुंच रहे हैं। दवाई के होम किट 691 के बजाय 290 व ट्रेवल किट 311 की जगह 130 रूपए में ही उपलब्ध है। शास्त्री मार्केट में दवाई खरीदने पहुंचे ललित चंद्राकर ने बताया कि वे बीपी, शुगर के रोग से ग्रस्त हैं। पहले उन्हें ये दवाईयों को दो-तिगुना रेट पर लेना पड़ता था। अब वे इन्ही दवाईयों को कम रेट पर धन्वंतरी मेडिकल स्टोर से खरीद रहे हैं। नेहरू चौक केम्प एक मेडिकल स्टोर में पहुंचे तुलाराम ने बताया कि पहले दवा का पत्ता हाथ में आने पर हमेशा मन में शंका होती थी कि कितने पैसे खर्च करने होंगे। वह चिंता आज धन्वंतरी मेडिकल स्टोर ने दूर कर दी है। उनके घर में उनके माता-पिता ब्लड प्रेशर, शुगर, मांसपेशियों मे दर्द के पेसेंट हैं। उनके लिए प्रतिमाह लगभग 3 हजार रूपए खर्च करना पड़ता था, परंतु आज इस योजना से उनके परिवार को बहुत ज्यादा लाभ मिल रहा है। आज यही दवाईयां उन्हंे 14 से 18 सौ रूपए के बीच में प्राप्त हो रही हैं। मदर्स मार्केट स्थित धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स में पहुंची महिला गंगा साहू ने बताया कि वह महिला रोग अधिक रक्तस्त्राव आदि से परेशान थी। ट्रेनेजेमिक्स एसिड टेबलेट 200 रू. में लेती थी अब वहीं 90 रूपए तक में मिल जा रही है। यहां की दवाईयों सस्ती होने के साथ असरकारी भी है। महापौर नीरज पाल शासन के मंशानुरूप निगम क्षेत्र में सस्ते दरों पर दवाई उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आयुक्त प्रकाश सर्वे उनके निर्देशों का पालन करवाने श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स को जोर-शोर से प्रचार-प्रसार करा रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अपील की है कि जेनेरिक दवाईयों का उपयोग करें। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों सहित जोन अधिकारियों को निर्देश किया कि जेनरिक दवाओं को जनता के बीच विश्वसनीय बनाए और इस प्रचलित धारणा को दूर करें कि कम कीमत वाली दवाएं कम प्रभावी होती हैं। उल्लेखनीय है मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी शासकीय चिकित्सकों को जेनेरिक दवाईयां लिखने के लिए आदेश दिए है। इससे जेनेरिक दवाईयों की मांग बढ़ी है और लोग इसका उपयोग भी कर रहे हैं। अक्टूबर , 2021 में इस योजना की शुरूआत स्वास्थ्य सेवाओं को गरीब-से-गरीब व्यक्तियों की पहुंच में लाने सस्ते में गुणवत्तायुक्त दवाई उपलब्ध कराने के लिए की गई थी।